भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2569
जिसका उत्तर 7 अगस्त, 2024 को दिया जाना है ।
16 श्रावण, 1946 (शक)

नैशनल नॉलेज नेटवर्क

2569. श्री मितेश पटेल (बकाभाई):
श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः
श्री परषोत्तमभाई रुपालाः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नैशनल नॉलेज नेटवर्क के घटकों से अवगत है; और
(ख) यदि हां, तो नेटवर्क से लाभान्वित होने वाले संस्थानों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क ('एनकेएन') राष्ट्रीय/राज्य डेटा केंद्रों (एनडीसी/एसडीसी), राज्य-व्यापी क्षेत्र नेटवर्क (स्वान) के डिजिटल-ट्रैफिक का वहन करता है और विभिन्न डिजिटल इंडिया पहलों के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह विभिन्न जी2जी (सरकार से सरकार) और जी2सी (सरकार से नागरिक) सेवाओं का डिजिटल-ट्रैफ़िक भी वहन करता है। एनकेएन संसाधनों और सहयोगी अनुसंधान को साझा करने को प्रोत्साहित करने के लिए हाई-स्पीड डेटा संचार नेटवर्क के माध्यम से देश भर के सभी ज्ञान संस्थानों को आपस में जोड़ता है। जून 2024 तक एनकेएन के तहत संस्थानों के 1,802 लिंक तैयार और प्रचालनरत किए जा चुके हैं।

****